आकाशवाणी मध्यप्रदेश
प्रादेशिक समाचार

दिनांक : 12.09.2024 समय : 02.10pm

बाढ़ समीक्षा

मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने प्रदेश में अति वर्षा से निर्मित स्थिति और बचाव के लिए जारी कार्यों की समीक्षा के लिए आज भोपाल में आपात बैठक की । मुख्यमंत्री ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से समस्त संभागीय आयुक्त, आईजी, पुलिस कमिश्नर, जिला कलेक्टर, एसपी से स्थिति की जानकारी लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने अति वर्षा और बाढ़ की स्थिति को देखते हुए, स्थितियां सामान्य हो जाने तक अधिकारियों कर्मचारियों को छुट्टी पर नहीं जाने के निर्देश दिए हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्षा का चक्र बदलने के कारण सितंबर माह में जितनी वर्षा होनी चाहिए उससे अधिक हो रही है । अतः समय रहते आवश्यक सावधानियां बरतते हुए बचाव के कार्य किए जाएं। निचली बस्तियों में रहने वालों को समय रहते सतर्क किया जाए और आवश्यकता अनुसार उन्हें राहत कैंपों में शिफ्ट किया जाए। जिन रपटों और पुलों पर पानी है वहां तत्काल आवश्यक सावधानी व सतर्कता बढ़ाई जाए। मुख्यमंत्री डॉक्टर यादव ने कहा कि अति वर्षा के प्रभाव से हुई जनहानि और पशु हानि की स्थिति में राहत उपलब्ध कराई जाएगी। उन्होंने सभी कलेक्टरों को जनहानि की स्थिति में चार-चार लाख रुपए की सहायता उपलब्ध कराने की घोषणा कर राशि परिजन को तत्काल उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री बाढ़ में लोग फंसे हैं उन्हें हेलीकॉप्टर की सहायता से एयरलिफ्ट करने की तत्काल व्यवस्था करने को भी कहा। पुराने भवनों को चिन्हित कर सुरक्षात्मक व्यवस्था करने के भी बैठक में निर्देश दिए गए।

आयुष्मान

केंद्रीय मंत्रिमंडल ने आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के अंतर्गत 70 वर्ष से अधिक उम्र के सभी वरिष्ठ नागरिकों को 5 लाख रुपये प्रति वर्ष तक के निशुल्क इलाज की सुविधा देने को मंजूरी दी है। इस योजना में आय संबंधी कोई सीमा नहीं रखी गई है। इसके दायरे में देश के लगभग साढ़े चार करोड़ परिवार आएंगे और लगभग 6 करोड़ वरिष्ठ नागरिकों को लाभ मिलेगा। इस योजना की घोषणा होने पर प्रदेश के नागरिकों ने केंद्र सरकार का आभार जताया है। हमारे रायसेन संवाददाता को पेंशनर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष यूपीएन सक्सेना ने बताया.................

मुख्यमंत्री कटनी

मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव आज दोपहर में कटनी जिले के प्रवास पर है। वे यहां बहोरीबंद विधानसभा के सिमरापाटी में स्थानीय कार्यक्रमों में शामिल होंगे और

विकास कार्यों की सौगात देंगे। मुख्यमंत्री डॉ यादव बहोरीबंद में माईक्रो उद्वहन सिचाई परियोजना की आधारशिला रखेंगे। कटनी के झिंझरी पुलिस लाइन स्थित में स्थानीय कार्यक्रमों में भी शामिल होंगे।

नेशनल लोक अदालत

मध्यप्रदेश मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के कार्य क्षेत्र के भोपाल, नर्मदापुरम्, ग्वालियर एवं चंबल संभाग के 16 जिलों में 14 सितम्बर को नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है। इसमें बिजली चोरी एवं अनियमितताओं के प्रकरण को समझौते के माध्यम से निराकरण किया जाएगा। कंपनी द्वारा विद्युत अधिनियम-2003 धारा-135 के अंतर्गत न्यायालयों में लंबित प्रकरणों के निराकरण के लिए विद्युत उपभोक्ताओं एवं उपयोगकर्ताओं से अपील की गई है कि वे अप्रिय कानूनी कार्यवाही से बचने के लिए अदालत में समझौता करने के लिए संबंधित बिजली कार्यालय से संपर्क करें। कंपनी द्वारा यह निर्णय लिया गया है कि धारा-135 के अंतर्गत अदालत में लंबित प्रकरणों के निराकरण के लिये निम्न-दाब श्रेणी के समस्त घरेलू, कृषि, 5 किलोवॉट तक के गैर-घरेलू एवं 10 अश्व शक्ति भार तक के औद्योगिक उपभोक्ताओं को प्रकरणों में छूट दी जाएगी।

मौसम

प्रदेश में लगातार बारिश का दौर जारी है। मौसम विभाग ने आज भी भिंड, शिवपुरी, अशोकनगर, विदिशा, रायसेन, सागर में अति भारी बारिश का रेड अलर्ट जारी किया है। भोपाल, ग्वालियर, जबलपुर समेत 29 जिलों में भारी बारिश के आसार हैं। बारिश के चलते आज भोपाल में 5वीं क्लास जबकि राजगढ़, सागर, गुना, शिवपुरी, मुरैना और भिंड में 8वीं तक के सभी सरकारी और प्राइवेट स्कूलों की छुट्टी घोषित की गई। इससे पहले कल 28 जिलों में तेज बारिश हुई। बांध-तालाब ओवरफ्लो हो गए। नदियां उफनाने से दमोह, सिवनी, बालाघाट, सागर, छतरपुर, शिवपुरी जिले में बाढ़ के हालात बन गए। प्रदेश में अब तक कोटे से 4.9 इंच ज्यादा पानी गिर चुका है।

समाचार संक्षेप

- बुरहानपुर जिला चिकित्सालय में भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी एवं जिला प्रशासन द्वारा आयोजित सिकल सेल एनीमिया टीकाकरण शिविर में 63 से अधिक बच्चों का टीकाकरण किया गया।
- खण्डवा जिले में स्पंदन असंचारी रोग का प्रशिक्षण कल सिविल सर्जन कार्फ्रेंस हॉल में दिया गया। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. ओ.पी. जुगतावत ने बताया की राज्य के 5 जिलों में डायबिटीज़ एवं उच्च रक्तचाप पायलट प्रोजेक्ट स्पंदन के तहत खण्डवा जिले को भी शामिल किया गया है।

....